Publication	Navbharat Times
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	02
Date	22nd November 2018

लॉन टेनिस में गुड़गांव की महिला टीम बनी स्टेट चैंपियन

■ **एनबीटी न्यूज, गुड़गांव :** सोनीपत में आयोजित स्टेट स्कूल गेम्स में गुड़गांव की अंडर-17 लॉन टेनिस की टीम ने चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। 19 से 21 नवंबर तक गर्ल्स कैटिगरी में प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रदेशभर की महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी जिलों से 5 सदस्यीय टीम ने भाग लिया। कोच द्रोणाचार्य मिश्रा ने बताया कि टूर्नामेंट में गुड़गांव की टीम ने 3 मैच खेले और तीनों में ही टीम का शानदार प्रदर्शन रहा। पहला मैच फरीदाबाद से हुआ, जिसमें गुड़गांव ने फरीदाबाद को 2-0 से मात दी। दूसरे मैच में रोहतक को भी 2-0 से हराया। फाइनल मैच सोनीपत के साथ हुआ, जिसमें 2-1 से जीतकर गुड़गांव की टीम स्कूल गेम्स में विनर बनी। टीम में एमिटी स्कूल की इशिता सिंह और लावण्या सिंह, अजंता स्कूल से मानसी शर्मा और अनन्या कुमार और सनिसटी स्कूल से मायशा राव टीम का हिस्सा बनी। स्टेट के बाद नैशनल लेवल पर भी खिलाड़ियों का प्रदर्शन जारी रहेगा।



सोनीपत में हुआ मुकाबला

19 से 21 नवंबर तक गर्ल्स कैटिगरी में हुई प्रतियोगिता

Publication	Punjab Kesari
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	01
Date	22nd November 2018

पंजाब केसरी

गुड़गांव की टीम ने लॉन टेनिस चैंपियनशिप जीता

गुड़गांव, 21 नवम्बर (ब्यूरो): स्टेट स्कूल गेम्स के तहत 19 से 21 नवम्बर को सोनीपत में आयोजित गर्ल्स कैटेगरी की लॉन टेनिस चैंपियनशिप की अंडर-17 आयुवर्ग की टीम ने चैंपियन का खिताब जीता। स्टेट लेवल चैंपियनशिप में विभिन्न जिलों से 5-5 खिलाड़ियों वाली गर्ल्स टीमों ने भाग लिया। कोच द्रोणाचार्य मिश्रा ने बताया कि टूर्नामेंट में गुड़गांव की टीम ने 3 मैच खेले और तीनों में ही टीम का शानदार प्रदर्शन रहा। पहले मैच में गुड़गांव ने फरीदाबाद को 2-0 के अंतर से, दूसरे मैच में रोहतक को 2-0 के अंतर हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला सोनीपत के साथ खेला गया, गुड़गांव की टीम ने सोनीपत की टीम को 2-1 के अंतर से हराकर स्टेट स्कूल गेम्स की लॉन टेनिस चैंपियपशिप अपने नाम की। गुड़गांव की टीम का प्रतिनिधित्व एमिटी स्कूल की इशिता सिंह व लवण्या सिंह, अजंता स्कूल से मानसी शर्मा व अन्नया कुमार और सनसिटी स्कूल से मायशा राव ने किया। स्टेट स्कूल गेम्स के बाद नेशनल लेवल की चैंपियनशिप में खिलाड़ी भाग लेंगी।